एक नजर में

एकता से रहने की दिलाई प्रतिज्ञा

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

संयुक्त जिला कार्यालय में प्रातः सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने सद्भावना की प्रतिज्ञा दिलाई। उन्होंने जाति, धर्म, सम्प्रदाय क्षेत्र, भाषा आदि से परे रहकर सामाजिक सद्भावना एवं भावनात्मक एकता से रहने की सभी को प्रतिज्ञा दिलाई।

इस दौरान डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर सहित विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मैं प्रतिज्ञा करता, करती हूँ कि मैं जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किये बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिये कार्य करूँगा, करूँगी।

मैं पुनः प्रतिज्ञा करता, करती हूं कि मैं हिंसा का सहारा लिये बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाऊंगा, सुलझाऊंगी। संयुक्त जिला कार्यालय में प्रातः सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने सद्भावना की प्रतिज्ञा दिलाई।

गणेश उत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर

मूर्ति कलाकार तैयार कर रहे आकर्षक प्रतिमाएं

छोटी देवी मंदिर में होगी शिव परिवार की स्थापना

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश के जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मूर्तिकार मूर्ति में रंग भर रहे हैं। वहीं सार्वजनिक पंडालों में गणेश कमेटियों द्वारा झांकियों की रूपरेखा तैयार कर झांकी बनाने काम शुरू हो चुका है। शुक्ल पक्ष की चतुर्थी यानी 27 अगस्त से 11 दिवसीय गणेशोत्सव की शुरुआत होगी। इस बार ज्यादातर गणेश पंडालों में भगवान के बाल स्वरूप की प्रतिमाएं विराजमान की जा रही हैं। साथ ही श्रीगणेश के साथ शिव परिवार भी नजर आएगा। गणेशोत्सव को लेकर शहर के कटरा बाजार, लुकमान चौराहा, स्टेट बैंक चौराहा, पपोरा चौराहा, कमानी दरबाजा, छोटी देवी मंदिर, चकरा तिगेला सहित अनेक स्थानों एवं अतूत बाली गली में सबसे ऊंची गणेश प्रतिमा की स्थापना इस वर्ष की जा रही है। वहीं छोटी देवी मंदिर में भगवान शिव के संपूर्ण परिवार बाली गणेश की प्रतिमा तैयार होने की जानकारी मिल रही है। इसके अलावा गणेश पंडालों में भी गणेश समिति द्वारा त्योहार की रूपरेखा तय की जा रही है।

प्रतिमा को स्थानीय कलाकार कसगर द्वारा पिछले कई साल से स्वयं बनाया जा रहा है। बह बताते हैं कि गणेश प्रतिमा विराजमान करने की शुरुआत उन्होंने बहुत पहले की थी। इसके बाद आर्थिक परिस्थितियों के चलते वह स्वयं ही प्रतिमा का निर्माण करने लगे हैं। प्रतिमा निर्माण की शुरुआत आषाढ़ माह के पहले मंगलवार से शुरू करते हैं।

कसगर ने बताया कि मूर्ति के निर्माण में खेत से लाई हुई काली मिट्टी में 7 नदियों का पवित्र जल, गौ माता का दूध, गोबर, गौमूत्र, दूर्वा एवं समीपत्र का उपयोग किया जाता है। इसके बाद प्राकृतिक वाटखूफरंगों से प्रतिमा का दिव्य श्रृंगार कर स्थापना की जाती है। 10 दिनों तक वह स्वयं भगवान श्री गणेश की आरती पूजन करते हैं। त्योहारों में खासकर महिलाएं ज्यादा व्रत रखती हैं जिसके चलते शरीर में कई प्रकार के बदलाव भी आते हैं। स्वस्थ रहने के लिए सबसे जरूरी है कि नींद पूरी लें और समय पर भोजन करें।

18 सालों से रखी जा रही भगवान की प्रतिमा

छोटी देवी मंदिर की कमेटी के सदस्य शिव ने बताया कि हम लोगों द्वारा इस कार्यक्रम की शुरूआत वर्ष 2007 से की थी। इस वर्ष 11 फीट ऊंची विशाल एवं भव्य श्री गणेश प्रतिमा विराजमान की जा रही है। जिसमें भगवान भोलेनाथ का संपूर्ण परिवार की झांकी सजाई जाएगी। 11 दिवसीय उत्सव के दौरान विघ्नहवं का प्रतिदिन बदल-बदल कर श्रृंगार होगा और एकादशी पर महाआरती के साथ ही अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होगे। दूसरे दिन भगवान को 56 व्यंजनों का भोग लगेगा।

आवारा गोवंश पर प्रशासन सख्त

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

शहर में आवारा गोवंश की समस्या को दूर करने के लिए नगर पालिका ने विशेष अभियान शुरू किया है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश पर यह कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर ने निर्देशों का पालन न करने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी है।

नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया के अनुसार 20 कर्मचारियों को निराश्रित गोवंश को पकड़ने की जिम्मेदारी दी गई है। पिछले 15 दिनों में 350 गोवंश को पकड़कर शहर से 5 किलोमीटर दूर दयोदय गोशाला पपौरा में स्थानांतरित किया गया है। शहर के प्रमुख चौराहों और सड़कों पर गाय-बैलों की उपस्थिति से लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही थी। बीच सड़क पर बैलों के लड़ने से दुर्घटनाएं भी हो रही थीं। इस मुद्दे पर बुंदेलखंड पीठाधीश्वर महंत सीताराम दास महाराज ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन किया था। इसके बाद कलेक्टर ने सभी जनपदों के सीईओ को निर्देश जारी किए।गोशाला में गोवंश छोड़ने के बाद संचालकों से रसीद ली जा रही है। गोशाला संचालकों की ओर से गायों को दोबारा छोड़ने पर उनके खिलाफ कार्यवाही का प्रावधान है। कलेक्टर ने निर्देशों का पालन न करने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी है।

परिषद ने बकायादारों की दुकानें कराईं सीज

नवभारत न्यूज पलेरा।

स्थानीय थाना तिराहे के तहसीलदार बंगले समीप नगर परिषद की गुमटियों में दुकाने चला रहे दुकानदार बकाया किराया चुकाने में आनाकानी कर रहे थे। ऐसे दुकानदारों को सबक सिखाने के लिए नगर परिषद ने गुरुवार को ठोस कदम उठाया। नगर परिषद सीएमओ शिवि उपाध्याय के निर्देश परिषद के दल ने शाम 4 बजे के लगभग यहां की दुकानों को सीज कर दिया।

सूचना पर किराया नहीं चुकाने वाले दुकानदार मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार्रवाई दल का विरोध भी कियाए लेकिन कुछ हासिल नहीं हुआ। अब नगर परिषद ने सभी किराएदारों को संदेश भिजवाया है कि ऑडिट का बकाया चुका जाओ और दुकान की चाबी ले जाओ। एक महीने में परिषद की ओर से इन्हें लीगल नोटिस मिलेगा। इसके बाद परिषद इन दुकानों को दूसरों को किराए पर उठा देगी।

बताया गया है कि सीताराम सेन दुकान नंबर 4 एवं धीरु सोनी दुकान नंबर 20 समेत अन्य दुकानदारों से 45000 रुपए की राशि बकाया पड़ी हुई है। इस मौके पर नगर परिषद कर्मचारी नितिन शर्मा, एवं रघुराज बुंदेला समेत अन्य स्टाफउपस्थित रहा। स्थानीय थाना तिराहे के तहसीलदार बंगले समीप नगर परिषद की गुमटियों में दुकाने चला रहे।

वैज्ञानिकों की किसानों को सलाह

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

कृषि विज्ञान केंद्र टीकमगढ़ के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बी. एस. किरार, वैज्ञानिक डॉ. आर. के प्रजापति, डॉ. यूएस धाकड़, डॉ. सतेन्द्र कुमार, डॉ. एसके जाटव, डॉ. आईडी सिंह, हंसनाथ खान एवं जयपाल छिगारहा द्वारा किसानों को खरीफ फ सलें जैसे उड़द, सोयाबीन, मूंगफली एवं तिल आदि को कीड़े एवं बीमारियों से बचाव हेतु समसामायिकी सलाह दी गई है।

उड़द की फसल के प्रमुख कीटों में सफेद मक्खी जो पत्तियों, फूलों एवं कलियों का रस चूसकर पौधों को कमजोर कर देती है, इसके नियंत्रण हेतु इमिडाक्लोप्रिड 80 मि.ली., एकड़ या एसिटामिप्रिड 60 ग्राम, एकड़ और पत्ती भेदक इल्लियाँ पत्तियों को खाकर पौधों को नष्ट कर देती है, इसके नियंत्रण के लिए पूर्व मिश्रित कीटनाशक बीटा-साइफ्लुथ्रिन .इमिडाक्लोप्रिड 175 मि.ली.,एकड़ . लैम्ब्डा-साइहलोथ्रिन 48 मि.ली.,एकड़ की दर से 200 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। उड़द के प्रमुख रोगों में पीला मोज़ेक, सरकोस्पोरा पत्ती धब्बा, एन्थ्रेक्नोज एवं भभूतिया रोग प्रमुख हैं। सोयाबीन के प्रमुख कीट तना मक्खी दवा थियामेथोक्साम . लैम्ब्डा-साइहलोथ्रिन 50 मि.ली.,एकड़ और सफेद मक्खी मक्खी के नियंत्रण हेतु इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस.एल. दवा 100 मि.ली.,एकड़ छिड़काव करे।

मौसम विभाग ने दी बारिश की चेतावनी

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में 1.01 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। पलेरा और खरगापुर तहसील में दो इंच से अधिक बारिश हुई। जतारा तहसील में डेढ़ इंच वर्षा रिकॉर्ड की गई। टीकमगढ़,मोहनगढ़ और लिधौरा तहसील में लगभग एक इंच बारिश हुई।

जिले में 1 जून से 20 अगस्त तक 47 इंच औसत बारिश हो चुकी है। यह सामान्य औसत 40 इंच से 7 इंच अधिक है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 28.1 इंच बारिश दर्ज की गई थी।भू अभिलेख कार्यालय के अनुसारए विभिन्न तहसीलों में बारिश का आंकड़ा इस प्रकार है . टीकमगढ़ में 58.44 इंच, बड़ागांव में 32 इंच, बल्देवगढ़ में 44 इंच, खरगापुर में 46.5 इंच, जतारा में 41 इंच, मोहनगढ़ में 53.5 इंच और लिधौरा में 40 इंच। पलेरा तहसील में सर्वाधिक 65.8 इंच वर्षा दर्ज की गई।बान सुजारा बांध में वर्तमान जल स्तर 314.40 मीटर है जबकि पूर्ण भराव स्तर 316.50 मीटर है। बांध 67.09 फीसदी भरा हुआ है। वर्तमान भराव क्षमता 185.190 मिलियन घन मीटर है। नदी से 30 घन मीटर प्रति सेकंड की दर से पानी आ रहा है। बांध का एक गेट 0.50 मीटर खुला है जिससे 64 घन मीटर प्रति सेकंड पानी छोड़ा जा रहा है। टीकमगढ़,मोहनगढ़ और लिधौरा तहसील में लगभग एक इंच बारिश हुई।

रजिस्ट्रेशन के लिए आज अंतिम दिन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

जिले में संचालित शासकीय आईटीआई टीकमगढ़, पलेरा एवं बल्देवगढ़ में प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदक 22 अगस्त तक सीएलसी राउंड के अंतर्गत च्वाईस फिलिंग तथा रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही कर सकते हैं।

25 अगस्त को प्रात: 10:30 से सायं 5:30 बजे तक आवेदक किसी एक संस्था तथा एक व्यवसाय के लिए संस्था में उपस्थित होकर पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज करा सकेंगे।

26 अगस्त को सीएलसी राउंड की मैरिट सूची जारी होने के बाद 26 अगस्त को हीप्रवेश की कार्यवाही की जाएगी। यदि सीट रिक्त रहती है तब वेटिंग लिस्ट के आवेदकों का सीएलसी राउंड के अंतर्गत प्रवेश दिनांक 28 अगस्त को किया जायेगा।

सरपंच एवं सचिव पर राशि के गबन का आरोप

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

जनपद क्षेत्र टीकमगढ़ के अंतर्गत आने बाली अजनौर ग्राम पंचायत में सरपंच प्रकाश लोधी और सचिव जगदीश सिंह बुंदेला पर 14 लाख 98 हजार रुपए की राशि का गबन करने का आरोप लगा है। यह राशि कुओं और नाली निर्माण के नाम पर निकाली गई थी लेकिन मौके पर कोई काम नहीं हुआ। शासकीय रशि के गबन का मामला सामने आते ही कई सरपंच एवं सचिवों में हड़कंप देखने को मिल रहा है।

जनपद पंचायत के सीईओ मनीष शेंडे ने इस मामले की जांच कराई जिसमें खुलासा हुआ कि आंगनबाड़ी केंद्र के बाहर एक कुएं को ढंकने, तीन अन्य कुओं और एक नाली के निर्माण के लिए एस्टीमेट बनाया गया था। इसके बाद बिना कोई निर्माण कार्य किए ही पूरी राशि निकाल ली गई।ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र के बाहर खुला कुआं हैए जो बच्चों के लिए एक बड़ा खतरा है। बच्चे अकसर वहां खेलते हैं और उनके गिरने का डर बना रहता है। इस कुएं को ढकने की सख्त जरूरत है।जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद जनपद पंचायत सीईओ ने सरपंच और सचिव के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने धारा 92 के तहत कार्रवाई के लिए जिला पंचायत सीईओ को पत्र लिखा है। जनपद क्षेत्र टीकमगढ़ के अंतर्गत आने बाली अजनौर ग्राम पंचायत में सरपंच प्रकाश लोधी और सचिव जगदीश सिंह बुंदेला पर 14 लाख 98 हजार रुपए की राशि का गबन करने का आरोप लगा है। यह राशि कुओं और नाली निर्माण के नाम पर निकाली गई थी लेकिन मौके पर कोई काम नहीं हुआ।

विकासखण्ड स्तर पर अधिकारियों ने की समीक्षा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निर्देशन में हुई बैठक

प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर नोटिस जारी

नवभारत,न्यूज टीकमगढ।

मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निर्देशानुसार कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में डॉ पीके माहौर डीएचओ द्वारा विकासखंड जतारा एवं पलेरा वल्देवगढ, बड़ागांव, निवाड़ी पृथ्वीपुर के 40 उप स्वास्थ्य केन्द्र जिनकी आशातीत कम प्रगति हुई है उनकी समीक्षा की गई।

समीक्षा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमो मे जिन उप स्वास्थ्य केन्द्र की प्रगति असंतोषजनक पाई गई उन उप स्वास्थ्य केन्द्र की एएनएम श्रीमती सरोज सूत्रकार कपासी, श्रीमती मुन्नी देवी तिवारी खरगापुर श्रीमती पुष्पा चतुर्वेदी खरगापुर श्रीमती राजकुमारी आर्या दिगौड़ा श्रीमती विमला यादव खैरा को कारण बताओ नोटिस जारी कर एक सप्ताह में लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। साथ ही दर्ज एएनसी को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिल रहा है कि नहीं इसकी जानकारी संबंधित पंचायत से समन्वय स्थापित कर समग्र आईडी की जानकारी लेने के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक से अनुपस्थित रहने बाले कर्मचारी राधेश्याम परिहार सीएचओ ऊषा वंशकार एएनएम मैदवारा कमलेश अहिरवार एएनएम हरकनपुर कल्पना पटैरिया एएनएम स्यावनी पलेरा का एक दिवस का वेतन काटने का निर्देश दिये गये। समीक्षा बैठक में बर्ष 24-25 एवं 25-26 में एएनसी का प्रथम एवं द्वितीय तिमाही में किए गए पंजीयन का रिकॉर्ड, टीकाकरण का रजिस्टर, अनमोल पोर्टल पर इंट्री, जिन एएनसी महिलाओं की समग्र आई डी नहीं है,उनकी नामांकित सूची, पलायन परिवार में एएनसी की सूची सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रबल त्रिपाठी डीसीएम, मनोज नायक जिला मीडिया अधिकारी, आशीष श्रीवास्तव डीईओ सहित एएनएम, सीएचओ उपस्थित रहे। मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निर्देशानुसार कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में डॉ पीके माहौर डीएचओ द्वारा विकासखंड जतारा एवं पलेरा वल्देवगढ, बड़ागांव, निवाड़ी पृथ्वीपुर के 40 उप स्वास्थ्य केन्द्र जिनकी आशातीत कम प्रगति हुई है उनकी समीक्षा की गई।

बैठक उपयंत्रियों ने मांगों का सौंपा ज्ञापन

रोगी कल्याण समिति की बैठक में पहुंचीं विधायक

नवभारत न्यूज पलेरा।

स्थानीय नगर के जनपद पंचायत सभागार में रोगी कल्याण समिति की साधारण सभा की बैठक बीते गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खरगापुर विधायिका श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर ने की। जिसमें रोगी कल्याण समिति के वित्तिय वर्ष के आय व्यय का विवरण अध्यक्ष के सम्मुख रखा गया। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के विभिन्न प्रस्तावित एजेंडों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया गया।

जिसमें ओपीडी कंप्यूटराइज करने के लिए 2 नग कंप्यूटर, प्रिंटर एवं अन्य उपकरण सामग्री क्रय करने की अनुमति, ओपीडी के बाहर मैदान में मरीजों के लिए टीन सेट निर्माण एवं पूर्व स्थापित टीन सेट की मरम्मत कार्य पर चर्चा आयुष्मान भारत मद से कार्यालय फ नीचर, अलमारी, ऑफि स चेयर क्रय करने की अनुमति, पोषण पुनर्वास केंद्र की छत मरम्मत अनुमति, आपातकालीन कक्ष की छत से पानी रिसता है जिसकी वॉटर रूफिंग की अनुमति, अस्पताल परिसर में कैंटीन खोले जाने की अनुमति, एवं संचालन हेतु उचित एजेंसी पर चर्चा, पोषण पुनर्वास केंद्र में कुपोषित बच्चों के लिए दो नग एसी क्रय करने की अनुमति जैसे तमाम प्रस्तावों को रखा गया।

रोगी कल्याण समिति की वार्षिक बैठक के उपरांत जनपद पंचायत कार्यालय के तमाम मनरेगा उपयंत्रियों ने खरगापुर विधायक श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने मांगों के निराकरण तक अवकाश की अनुमति मांगी है। ज्ञापन पत्र में संविदा पारिश्रमिक की गणना नियुक्ति दिनांक से की जाएए यह नियमित उपयंत्री के वेतन के बराबर होनी चाहिए। उपयंत्रियों की दूसरी मांग है कि मृत्यु होने पर आश्रितों को तुरंत अनुकंपा नियुक्ति मिले। साथ हीए किसी प्रकरण में पद से हटाने के बजाय निलंबित करने का प्रावधान हो। जिला या प्रदेश स्तर पर आरईएस और मनरेगा उपयंत्रियों की संयुक्त वरिष्ठता सूची के अनुसार सहायक यंत्री का प्रभार दिया जाए। उपयंत्रियों ने ग्रेजुएटी भुगतान की मांग भी की है। यह सुविधा 1 अगस्त 2023 के बाद सेवानिवृत्त या मृत उपयंत्रियों को भी मिलनी चाहिए।

इनकी रही मौजूदगी

बैठक में खरगापुर विधायक श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर, नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा, अवधेश रावत, गुड्डू मिश्रा, नायब तहसीलदार श्रीपत अहिरवार, सीएमओ शिवि उपाध्यायए बीएमओ डॉ अजय गुप्ताए परियोजना अधिकारी प्रदीप मिश्रा, डॉ अंकित राजपूत, डॉ मुकेश साहू समेत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सहायिका के पदों की सूची जारी

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

संचालनालय महिला एवं बाल विकास मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार विकासखंड स्तरीय चयन समिति टीकमगढ़ की बैठक उपरांत बाल विकास परियोजना टीकमगढ़ ग्रामीण अंतर्गत रिक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा आंगनवाडी सहायिका के पदों की अनंतिम सूची जारी की गई है। अनंतिम सूची एम पी ऑन लाईन के चयन पोर्टल के माध्यम से देखी व प्राप्त की जा सकती है।

अनंतिम अनंतिम चयन के विरुद्ध किसी आवेदक को आपत्ति हो तो वह 7 दिवस में अपनी दावा आपत्ति चयन पोर्टल पर ऑनलाईन दर्ज करा सकता है दावा,आपत्ति केवल संबंधित आवेदिकाओं के द्वारा चयन पोर्टल पर प्राप्त होने पर ही निराकरण जिला स्तरीय आपत्ति निराकरण समिति करेगी।

बजरंग दल के कार्यकताओं का प्रदर्शन

नवभारत न्यूज खरगापुर।

तहसील अंतर्गत श्यामपुरा गांव में क़रीब 8 महीने से विद्युत ट्रांसफॉर्मर ख़राब पड़ा हुआ हैं जिसको लेकर बजरंगदल एवं ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है।

उन्होंने कहा की विद्युत ट्रांसफॉर्मर पिछले 8 महीने से ख़राब पड़ा है लेकिन बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता गहरी नींद में सोए हुए हैं गांव के बच्चों के साथदृसाथ ग्रामीणों को अंधेरे में अपना जीवन यापन करना पड़ रहा हैं गेहूं पिसाने के लिए दूसरे गांव जाना पड़ता हैं। पानी की समस्या हो रही हैं छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर असर हो रहा हैं लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा हैं ग्रामीणों ने कर्मचारियों के कहे अनुसार बिजली बिल भी जमा कर दिया है लेकिन महीने से ट्रांसफॉर्मर रखने का आश्वासन कनिष्ठ अभियंता पुष्पेंद्र राय दे रहे हैं लेकिन उसके बाबजूद ग्रामीणों को सिर्फ़ निराशा ही हाथ लगी हैं बजरंग दल एवं ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर कनिष्ठ अभियंता के नाम बाबू को ज्ञापन सौंपा और बताया की अगर 7 दिवस के भीतर श्यामपुरा गांव में विद्युत ट्रांसफॉर्मर नहीं रखा गया तो आंदोलन की बात कही।